That this House concurs in the recommendation of the Lok Sabha that the Rajya Sabha do agree to the nomination by the Chairman of six Members from the Rajya Sabha to the Parliamentary Committee to review the rate of dividend which is at present payable by the Indian Railways to the General Revenues as well as other ancillary matters in connection with Railway Finance *vis-a-vs* General Finance and to make recommendations thereon.

The question was put and the motion was adopted.

Statement regarding Government Business

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुरेश पचौरी): आदरणीय सभापति महोदय, आपकी अनुमति से मैं यह सूचित करता हूं कि सोमवार, 19 जुलाई, 2004 से प्रारम्भ होने वाले सप्ताह के दौरान इस सदन में सरकारी कार्य इस प्रकार लिया जाएगा:—

लोक सभा द्वारा पारित किए गए रूप में विनियोग (रेल) लेखानुदान संख्या 2 विधेयक, 2004 पर विचार और लौटाना।

सामान्य बजट, 2004-05 पर सामान्य चर्चा।

लोक सभा द्वारा पारित किए जाने के पश्चात् निम्नलिखित अनुदान मांगों से संबंधित विनियोग विधेयकों पर विचार और लौटाना:—

(क) वर्ष 2004-05 के लिए अनुदान मांगें (सामान्य)

(ख) वर्ष 2001-02 के लिए अतिरिक्त अनुदान मांगें (सामान्य)

डाकघर स्टाफ को रोकड़ लेनदेन भत्ता देने के संबंध में माध्यस्थम बोर्ड द्वारा 1993 के सी॰ ए॰ संदर्भ संख्या 5 में दिए गए अधिनिर्णय को अस्वीकार करने के सरकार के प्रस्ताव से संबंधित संकल्प पर विचार तथा स्वीकार करना।

MATTER RAISED WITH PERMISSION

Sabarmati Express fire incident at Godhra in Gujarat

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): सभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे लोक महत्व के एक प्रश्न पर कुछ विचार रखने के लिए समय दिया है।

महोदय, हम सभी चाहते हैं कि सदन में शांति और सद्भाव के साथ सारे कार्यक्रम चलें, लेकिन साथ ही साथ हम यह भी चाहते हैं कि सारे देश में भी शांति और सद्भाव बना रहे। मैं